Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सी ई एन - ०१/२०२५ - CEN - 01/2025
## सहायक लोको पायलट की भर्ती/ Recruitment of Assistant Loco Pilot

| | |
|---|---|
| Test Date | 17/02/2026 |
| Test Time | 4:00 PM - 5:00 PM |
| Subject | RRB ALP CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB ALP**

**Q.1** संख्याओं के दो सेट नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक सेट में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके तीसरी संख्या प्राप्त की जाती है, और इसी प्रकार आगे की संख्याएं प्राप्त की जाती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दिए गए सेटों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**3 – 9 – 81 – 66 ; 5 – 25 – 625 – 610**

**Ans**
- ✗ A. 7 – 49 – 2150 – 2250
- ✗ B. 2 – 4 – 16 – 21
- ✗ C. 9 – 81 – 6588 – 6573
- ✓ D. 4 – 16 – 256 – 241

**Q.2** एक वस्तु 38% लाभ पर बेची जाती है। यदि क्रय मूल्य में ₹68 की वृद्धि कर दी जाए और विक्रय मूल्य में ₹54 की कमी कर दी जाए, तो लाभ 37.5% होगा। वस्तु का मूल क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 29,500
- ✗ B. 29,400
- ✗ C. 29,700
- ✗ D. 29,300

**Q.3** 100 केले ₹1,200 प्रति सैकड़ा की दर से खरीदे गए और ₹1,100 के लाभ पर बेचे गए। प्रति दर्जन केले का विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 286
- ✗ B. 281
- ✗ C. 271
- ✓ D. 276

**Q.4** कितनी धनराशि (₹ में) पर 8% वार्षिक साधारण ब्याज दर से 2 वर्ष में ₹480 ब्याज अर्जित होगा?

**Ans**
- ✗ A. 3200
- ✗ B. 2800
- ✗ C. 3150
- ✓ D. 3000

**Q.5** LPG (द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस) को सिलेंडरों में द्रव रूप में संग्रहित किया जाता है क्योंकि ___________।

**Ans**
- ✔ A. इसे उच्च दाब में शीतित और संपीड़ित किया जाता है
- ✘ B. इसे निम्न दाब में तप्त करके विस्तारित किया जाता है
- ✘ C. इसे उपयोग से पहले ठोस किया जाता है
- ✘ D. यह वायु के साथ अभिक्रिया करके द्रव बनाती है

**Q.6** तीन उपहार वस्तुओं की कीमतों का अनुपात 2 : 5 : 8 है। यदि दूसरी और तीसरी वस्तु की कीमतों में अंतर ₹5,055 है, तो तीनों वस्तुओं की कीमतों का योग ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. ₹25,275
- ✘ B. ₹31,500
- ✘ C. ₹26,200
- ✘ D. ₹29,090

**Q.7** यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

31 - 1 × 2 ÷ 28 + 26 = ?

**Ans**
- ✘ A. 20
- ✘ B. 21
- ✘ C. 17
- ✔ D. 19

**Q.8** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते है।

कथन:
कुछ इंजीनियर, फुटबॉलर हैं।
सभी क्रिकेटर, फुटबॉलर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ इंजीनियर, क्रिकेटर हैं।
(II) सभी फुटबॉलर, क्रिकेटर हैं।

**Ans**
- ✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✘ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✘ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✘ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Q.9** एक विद्यार्थी के अंक गलती से 69 के स्थान पर 21 दर्ज कर दिए गए। इसके कारण कक्षा के औसत अंक में $\frac{6}{5}$ की कमी हो गई। कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या कितनी है?

**Ans**
- ✘ A. 37
- ✔ B. 40
- ✘ C. 50
- ✘ D. 42

**Q.10** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✘ A. KG - FB
- ✘ B. PL - KG
- ✘ C. OK - JF
- ✔ D. MI - LP

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | 4 kg द्रव्यमान वाले किसी स्थिर पिंड पर एक बल कार्य करता है और 3 $m/s^2$ का त्वरण उत्पन्न करता है। 5 सेकंड के बाद अंतिम वेग _________ होगा। | |
| Ans | ✗ A. 10 m/s<br>✗ B. 20 m/s<br>✗ C. 12 m/s<br>✓ D. 15 m/s | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | टॉर्च और कार की हेडलाइट में अवतल दर्पण का उपयोग किया जाता है क्योंकि यह _______ । | |
| Ans | ✓ A. प्रकाश की एक समानांतर किरण पुंज उत्पन्न कर सकता है<br>✗ B. प्रकाश को सभी दिशाओं में प्रकीर्णित करता है<br>✗ C. सदैव आभासी प्रतिबिंब निर्मित करता है<br>✗ D. प्रकाश की द्युति को कम करता है | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br>(बाएं) P Q W T A V A B T A X H L T O K W L X T S (दाएं)<br>ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद एक स्वर है? | |
| Ans | ✗ A. एक<br>✗ B. तीन<br>✗ C. दो<br>✓ D. एक भी नहीं | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | तनीशा बिंदु A से शुरु करके पूर्व दिशा में 68 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएँ मुड़कर 45 km ड्राइव करती है, फिर बाएँ मुड़कर 78 km ड्राइव करती है। इसके बाद वह फिर बाएँ मुड़कर 71 km ड्राइव करती है। अंत में वह बाएँ मुड़कर 10 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाती है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ 90 डिग्री के ही हैं) | |
| Ans | ✗ A. 24 km, उत्तर की ओर<br>✗ B. 25 km, उत्तर की ओर<br>✗ C. 27 km, दक्षिण की ओर<br>✓ D. 26 km, उत्तर की ओर | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | जब श्वेत प्रकाश एक प्रिज्म से होकर गुजरता है, तो प्रकाश के विभिन्न रंग अलग-अलग कोणों पर झुक (bend) जाते हैं। कौन-सा रंग सबसे कम झुकता है और कौन-सा सबसे अधिक झुकता है? | |
| Ans | ✗ A. लाल और बैंगनी दोनों समान रूप से झुकते हैं।<br>✗ B. नीला सबसे कम झुकता है, पीला सबसे अधिक झुकता है।<br>✗ C. लाल सबसे अधिक झुकता है, बैंगनी सबसे कम झुकता है।<br>✓ D. लाल सबसे कम झुकता है, बैंगनी सबसे अधिक झुकता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | V, W, X, Y और Z नाम के पाँच व्यक्तियों में से प्रत्येक की एक निश्चित आयु है। X की आयु 12 है। V की आयु, Z की आयु की चार गुनी है। Y की आयु, V की आयु की आधी है। W की आयु, X की आयु की तीन गुनी है। यदि Z की आयु, W की आयु की $\frac{1}{9}$ है, तो Y की आयु कितनी है? | |
| Ans | ✗ A. 6<br>✓ B. 8<br>✗ C. 10<br>✗ D. 12 | |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.17** A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परित: उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के दाईं ओर से गिनने पर D और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E, A के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। A के दाईं ओर से गिनने पर A और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✗ A. 4
- ✗ B. 2
- ✓ C. 1
- ✗ D. 3

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सा हार्मोन पीयूष ग्रंथि द्वारा स्रावित होता है?

**Ans**
- ✗ A. अधिवृक्क स्राव (Adrenaline)
- ✗ B. इंसुलिन (Insulin)
- ✗ C. थाइरॉक्सिन (Thyroxine)
- ✓ D. वृद्धि हार्मोन (Growth hormone)

**Q.19** निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।
(बाएं) 1 3 5 7 5 5 7 4 5 8 9 5 4 4 5 5 4 5 7 7 6 5 7 6 (दाएं)
ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या और ठीक बाद में एक विषम संख्या है?

**Ans**
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक
- ✓ C. चार
- ✗ D. पाँच

**Q.20** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

XJI PBA HTS ZLK ?

**Ans**
- ✗ A. RED
- ✓ B. RDC
- ✗ C. RCD
- ✗ D. TDS

**Q.21** एक संख्या में 18% की कमी की जाती है और फिर 22% की वृद्धि की जाती है। नेट वृद्धि या कमी प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक सही) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 1.2% की कमी
- ✗ B. 0.04% की कमी
- ✗ C. 1.2% की वृद्धि
- ✓ D. 0.04% की वृद्धि

**Q.22** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. NPS
- ✗ B. PRU
- ✓ C. YAC
- ✗ D. JLO

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.23** यदि 20 संख्याओं के आँकड़ों की माध्यिका और बहुलक क्रमशः 250 और 295 हैं, तो 20 संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 4500
- ✓ B. 4550
- ✗ C. 4005
- ✗ D. 4050

**Q.24** नीचे संख्याओं के दो समूह दिए गए हैं। प्रत्येक समूह में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दिए गए समूहों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?

(नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)

14 - 84 - 86 - 82
15 - 90 - 92 - 88

**Ans**
- ✗ A. 34 - 70 - 79 - 78
- ✗ B. 22 - 90 - 100 - 99
- ✗ C. 37 - 298 - 299 - 287
- ✓ D. 8 - 48 - 50 - 46

**Q.25** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
207 194 181 168 155 ?

**Ans**
- ✗ A. 140
- ✓ B. 142
- ✗ C. 147
- ✗ D. 145

**Q.26** उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित है जिस प्रकार से निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी है। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(10, 5, 60)
(9, 6, 64)

**Ans**
- ✗ A. (11, 6, 86)
- ✗ B. (8, 9, 62)
- ✗ C. (17, 5, 85)
- ✓ D. (12, 4, 58)

**Q.27** A और B क्रमशः ₹93,000 और ₹54,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू करते हैं। B तीन महीने बाद व्यवसाय छोड़ देता है, और फिर C वर्ष की शेष अवधि के लिए ₹28,000 के निवेश के साथ व्यवसाय से जुड़ जाता है। यदि कुल लाभ का 11% ₹61,336 है, तो लाभ में B का हिस्सा कितना है?

**Ans**
- ✗ A. ₹58,951
- ✗ B. ₹59,070
- ✓ C. ₹59,040
- ✗ D. ₹59,059

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे छोटा है?

Ans
- ✗ A. 7 : 10
- ✗ B. 5 : 8
- ✗ C. 6 : 9
- ✓ D. 4 : 7

Q.29 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) से क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।

पांच खंभों—R, A, M, E और N— की ऊंचाई अलग-अलग है, उनमें से सबसे छोटा खंभा कौन-सा है?
(I) N केवल दो खंभों से ऊंचा है। E, N से ऊंचा है लेकिन M से छोटा है।
(II) R, A से ऊंचा है।

Ans
- ✗ A. केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ B. दोनों कथन I और II एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
- ✗ C. केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✓ D. दोनों कथन I और II एक साथ (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.30 पूजा बिंदु A से शुरू करके दक्षिण दिशा में 31 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएँ मुड़कर 40 km ड्राइव करती है, फिर बाएँ मुड़कर 36 km ड्राइव करती है। इसके बाद वह फिर बाएँ मुड़कर 41 km ड्राइव करती है। अंत में वह बाएँ मुड़कर 5 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाती है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ 90 डिग्री के ही हैं।)

Ans
- ✗ A. 3 km, उत्तर की ओर
- ✗ B. 4 km, दक्षिण की ओर
- ✓ C. 1 km, पूर्व की ओर
- ✗ D. 2 km, पूर्व की ओर

Q.31 एक दुकानदार किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 40% अधिक निर्धारित करता है। 26% लाभ अर्जित करने के लिए उसे कितने प्रतिशत की छूट देनी होगी?

Ans
- ✗ A. 9%
- ✓ B. 10%
- ✗ C. 12%
- ✗ D. 0.11%

Q.32 कोशिका में लाइसोसोम के फटने पर निम्नलिखित में से कौन-सी घटना घटित होती है?

Ans
- ✗ A. कोशिका विभाजन बढ़ जाता है
- ✗ B. कोशिका अधिक सक्रिय हो जाती है
- ✗ C. एंजाइम केवल बाहरी कणों का पाचन करते हैं
- ✓ D. एंजाइम कोशिका के अपने घटकों को पचाते हैं

Q.33 यदि संख्या 2741586 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✓ B. दो
- ✗ C. एक
- ✗ D. तीन

Q.34 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TASH' को '6348' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'BAHT' को '8653' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'B' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✓ B. 5
- ✗ C. 6
- ✗ D. 8

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.35 उस समषट्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी भुजा की माप 18√2 cm है। (√3 = 1.73 का उपयोग करें)

Ans
- ✗ A. 1691.56 cm2
- ✓ B. 1681.56 cm2
- ✗ C. 1661.56 cm2
- ✗ D. 1671.56 cm2

Q.36 A, C, I, M, O, Q और W में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है।
W की परीक्षा शुक्रवार को है। A और M के बीच केवल 3 लोगों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। Q की परीक्षा I के ठीक बाद है। O की परीक्षा M से ठीक पहले है। Q के बाद कितने लोगों की परीक्षा है?

Ans
- ✗ A. 1
- ✓ B. 3
- ✗ C. 2
- ✗ D. 4

Q.37 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से MXEL का संबंध OZHP से है। उसी तरीके से, VRHB का संबंध XTKF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, QOJA का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. SOME
- ✓ B. SQME
- ✗ C. TRLE
- ✗ D. TQLF

Q.38 $9^2 + \sqrt{8^2} - 10\sqrt{49} - 20$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. -1
- ✗ B. -8
- ✗ C. 3
- ✗ D. -6

Q.39 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है:

FAT HOG NIP LUX

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. एक
- ✓ C. दो
- ✗ D. तीन

Q.40 DUSTING शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार प्राप्त सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में दाएं से तीसरा अक्षर निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

Ans
- ✗ A. O
- ✓ B. T
- ✗ C. U
- ✗ D. H

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.41** निम्नांकित को सरलीकृत कीजिए।

$$\frac{\sin A}{1-\cos A}+\frac{1-\cos A}{\sin A}$$

**Ans**
- ✗ A. cosec A
- ✓ B. 2cosec A
- ✗ C. sec A
- ✗ D. 2sec A

**Q.42** एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
पांच स्तंभों I, L, O, M और D में से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है। इनमें से सबसे ऊंचा स्तंभ कौन-सा है?
कथन:
(I) I, M से ऊंचा है लेकिन D से छोटा है। I केवल एक स्तंभ से छोटा है।
(II) M, L से ऊंचा है।

**Ans**
- ✓ A. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ B. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ C. कथन I और II दोनों में दी गई जानकारी एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
- ✗ D. कथन I और II दोनों में दी गई जानकारी एक साथ (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**Q.43** किसी निश्चित राशि पर, यदि समान ब्याज दर से, 2 वर्षों का साधारण ब्याज ₹64 और चक्रवृद्धि ब्याज ₹72 है, तो वह राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 121
- ✓ B. 128
- ✗ C. 123
- ✗ D. 132

**Q.44** भारत और किस देश के बीच अभ्यास वरुण 2025 आयोजित किया गया था?

**Ans**
- ✗ A. USA
- ✗ B. जापान
- ✓ C. फ्रांस
- ✗ D. रूस


Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.45** निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाने वाले वेन आरेख का चयन करें।


हेडगियर, हेलमेट, कैप (Headgears, Helmets, Caps)

**Ans**


✗ A.




✗ B.



✓ C.



✗ D.



**Q.46** एक निश्चित कूट भाषा में,
'S + T' का अर्थ है कि 'S, T का पिता है',
'S - T' का अर्थ है कि 'S, T का भाई है',
'S x T' का अर्थ है कि 'S, T की पत्नी है' और
'S ÷ T' का अर्थ है कि 'S, T की बहन है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि ‘M - N ÷ O + P x Q’ है, तो M का Q से क्या संबंध है?

**Ans**

✓ A. पत्नी के पिता का भाई

✗ B. माता का भाई

✗ C. पत्नी की माता का भाई

✗ D. पिता

**Q.47** एक निश्चित कूट भाषा में,
'A - B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A / B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A * B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पति है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'T / L + H - Z' है, तो T का Z से क्या संबंध है?

**Ans**

✗ A. माता

✗ B. पिता

✓ C. पुत्री का पुत्र

✗ D. पुत्री की पुत्री

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.48 नीचे दिए गए दोनों युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

FPD : ENB
RUN : QSL

Ans
- ✗ A. WHX : VEU
- ✗ B. ZYB : YTZ
- ✓ C. KFQ : JDO
- ✗ D. ALM : BNP

Q.49 S, T, U, V, W, X और Y एक ही इमारत के सात अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार से, सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 7 है। U चौथे तल पर रहता है। U और V के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। T, V के ठीक नीचे रहता है। W, X के ठीक ऊपर रहता है, लेकिन X सबसे निचले तल पर नहीं रहता है। S सबसे निचले तल पर नहीं रहता है। S किस तल क्रमांक पर रहता है?

Ans
- ✗ A. तल क्रमांक 2
- ✗ B. तल क्रमांक 3
- ✗ C. तल क्रमांक 1
- ✓ D. तल क्रमांक 5

Q.50 दी गई संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)
(बाएँ) 6 £ 2 @ % 7 8 # 1 3 * 9 $ & 4 ^ < 5 (दाएँ)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है, लेकिन ठीक बाद में एक सम संख्या नहीं है?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✗ C. एक
- ✓ D. दो

Q.51 एक चुनाव में चार उम्मीदवार थे, जिन्हें क्रमशः 4500, 1260, 240 और 2000 मत मिले। यदि सभी पात्र मतदाताओं ने मतदान किया, और सभी डाले गए मत वैध थे तथा चारों उम्मीदवारों में से किसी एक के पक्ष में थे, तो विजयी उम्मीदवार और उपविजयी उम्मीदवार के मत प्रतिशत के बीच अंतर कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 31.25%
- ✗ B. 25%
- ✗ C. 27.5%
- ✗ D. 30.75%

Q.52 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

FVM ITK LRI OPG ?

Ans
- ✗ A. SNT
- ✗ B. RNF
- ✗ C. SNE
- ✓ D. RNE

Q.53 एक ठोस बेलन का आयतन 5,236 $cm^3$ है और उसकी ऊंचाई 34 cm है। ठोस बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. 1841 cm2
- ✗ B. 1831 cm2
- ✗ C. 1823 cm2
- ✓ D. 1804 cm2

**Q.54** H, P, R, A, S और M एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R, P के दाईं ओर दूसरे स्थान पर तथा H के ठीक बाईं ओर बैठा है। S, M के बाईं ओर दूसरे स्थान पर तथा A के ठीक दाईं ओर बैठा है। P के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✗ A. H
- ✗ B. A
- ✗ C. M
- ✓ D. S

**Q.55** हृदय का कौन-सा कोष्ठ विऑक्सीजनित रुधिर को अक्सीजनन के लिए फुफ्फुस में भेजता है?

**Ans**
- ✓ A. दायां निलय
- ✗ B. बायां निलय
- ✗ C. दायां आलिंद
- ✗ D. बायां आलिंद

**Q.56** निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रियाओं पर विचार कीजिए:

I: $BaCl_2$ (aq) + $Na_2SO_4$ (aq) → $BaSO_4$ (s) + 2NaCl (aq)
II: $Pb(NO_3)_2$ (aq) + KI (aq) → $PbI_2$ (s) + $2KNO_3$(aq)

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उपरोक्त अभिक्रियाओं को सही ढंग से वर्गीकृत करता है?

**Ans**
- ✗ A. I: विस्थापन अभिक्रिया; II: द्विविस्थापन अभिक्रिया
- ✗ B. I: द्विविस्थापन अभिक्रिया; II: विस्थापन अभिक्रिया
- ✓ C. दोनों द्विविस्थापन अभिक्रियाएँ हैं
- ✗ D. I: द्विविस्थापन अभिक्रिया; II: उदासीनीकरण अभिक्रिया

**Q.57** एक व्यापारी ने किसी वस्तु का मूल्य, क्रय मूल्य से 40% अधिक अंकित किया। वह ग्राहक को 20% और 25% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। यदि उसे ₹224 की हानि होती है, तो वह वस्तु को उस ग्राहक को किस मूल्य पर बेचता है?

**Ans**
- ✗ A. ₹1,166
- ✓ B. ₹1,176
- ✗ C. ₹1,276
- ✗ D. ₹1,167

**Q.58** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✓ A. RIF
- ✗ B. JBY
- ✗ C. OGD
- ✗ D. ASP

**Q.59** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) T S I C X Z O A K L N T E W A K O D F H A G U K (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

**Ans**
- ✓ A. तीन
- ✗ B. दो
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✗ D. एक

Q.60 A एक काम को 10 दिनों में पूरा कर सकता है और B 15 दिनों में पूरा कर सकता है। दोनों ने साथ मिलकर काम शुरू किया, लेकिन 4 दिन बाद B बीमार पड़ गया और काम छोड़कर चला गया। A ने काम जारी रखा और बचा हुआ काम पूरा कर दिया। बाद में पता चला कि A भी पूरे काम के दौरान केवल 80% दक्षता से ही काम कर रहा था। पूरे काम को पूरा करने में कुल कितने दिन लगे?

Ans
✗ A. $8\frac{1}{5}$
✓ B. $9\frac{1}{6}$
✗ C. $5\frac{1}{6}$
✗ D. $9\frac{5}{6}$

Q.61 एक मालगाड़ी और एक सुपरफास्ट ट्रेन क्रमशः स्टेशन A और स्टेशन B से एक ही समय पर समांतर ट्रैक पर एक दूसरे की ओर चलना शुरू करती हैं। यदि स्टेशन A और स्टेशन B के बीच की दूरी 154 km है और ट्रेनें क्रमशः 61 km/h और 93 km/h की चाल से चल रही हैं, तो स्टेशन B से कितनी दूरी (km में) पर ट्रेनें मिलेंगी?

Ans
✗ A. 88
✓ B. 93
✗ C. 112
✗ D. 86

Q.62 शब्द **PERSON** के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है, और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में दाईं ओर से पांचवां अक्षर कौन-सा होगा?

Ans
✓ A. P
✗ B. T
✗ C. Q
✗ D. E

Q.63 G, J, M, O, R, S और T में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। R से पहले केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। M के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। R और T के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। S और G के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। J की परीक्षा, S की परीक्षा से ठीक पहले है।
निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा शुक्रवार को है?

Ans
✗ A. M
✗ B. J
✗ C. G
✓ D. O

Q.64 एक कार x km की दूरी 40 km/hr की चाल से, फिर और x km की दूरी 60 km/hr की चाल से और 2x km की दूरी 80 km/hr की चाल से तय करती है। संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 58 km/hr
✓ B. 60 km/hr
✗ C. 65 km/hr
✗ D. 55 km/hr

Q.65 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

13 A 43 B 43 C 1 D 43 = ?

Ans
✓ A. -29
✗ B. -27
✗ C. -31
✗ D. -28

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.66 निम्नलिखित व्यंजक का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

$$\left(\frac{8.4}{0.7}+\frac{2.4}{4}\right)\div\left(\frac{9.6}{8}-\frac{3}{5}\right)$$

Ans
- ✗ A. 30
- ✓ B. 21
- ✗ C. 2.4
- ✗ D. 2.1

Q.67 20 व्यक्ति एक काम को 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। 5 दिनों के बाद, 5 व्यक्ति काम छोड़कर चले गए। काम पूरा करने में कितने और दिन लगेंगे? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)

Ans
- ✗ A. 14.15 दिन
- ✓ B. 13.33 दिन
- ✗ C. 10.5 दिन
- ✗ D. 12.25 दिन

Q.68 एक निश्चित तरीके से EG 13 का संबंध FI 65 से है। उसी प्रकार, JL 41 का संबंध KN 205 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, RT 25 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. SU 135
- ✓ B. SV 125
- ✗ C. PU 145
- ✗ D. PV 135

Q.69 दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

57 65 81 113 177 ?

Ans
- ✗ A. 307
- ✗ B. 306
- ✗ C. 304
- ✓ D. 305

Q.70 यदि किसी गोले का आयतन, उसके पृष्ठीय क्षेत्रफल के संख्यात्मक रूप से समतुल्य है, तो गोले की त्रिज्या और पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (दशमलव के 3 स्थानों तक सही उत्तर दीजिए)
($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
- ✗ A. 3 इकाई और 131.143 इकाई2
- ✗ B. 3 इकाई और 112.143 इकाई2
- ✗ C. 2 इकाई और 113.143 इकाई2
- ✓ D. 3 इकाई और 113.143 इकाई2

Q.71 भारत के संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा 'शहरी स्थानीय शासन' का एक प्रकार है?

Ans
- ✗ A. ग्राम सभा
- ✗ B. जिला पंचायत
- ✓ C. नगरपालिका
- ✗ D. ब्लॉक पंचायत

Q.72 निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक कितना है?

70, 70, 73, 71, 74, 69, 80, 68, 66, 66, 89, 83, 81, 86, 82, 74, 86, 87, 67, 72, 62, 76, 86, 65, 62

Ans
- ✗ A. 66
- ✗ B. 74
- ✗ C. 70
- ✓ D. 86

**Q.73** मनन, किरण, अदिति, ईशा, त्रिशा और आर्य एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार से, सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है। त्रिशा, आर्य के ठीक ऊपर रहती है। आर्य और अदिति के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। ईशा और आर्य के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। आर्य एक विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन सबसे निचले तल पर नहीं रहता है। किरण, त्रिशा के ठीक ऊपर रहती है। तल क्रमांक 2 पर कौन रहता है?

**Ans**

✗ A. किरण

✗ B. अदिति

✓ C. मनन

✗ D. ईशा

**Q.74** बंटी और बबली की वर्तमान आयु का योग 64 वर्ष है। अब से 2 वर्ष बाद, बंटी की आयु बबली की आयु की तीन गुना होगी। बंटी की वर्तमान आयु (वर्षों में) क्या है?

**Ans**

✗ A. 56

✗ B. 39

✗ C. 43

✓ D. 49

**Q.75** एक निश्चित कूट भाषा में, 'TRAP' को '7486' के रूप में और 'CART' को '8274' के रूप मे कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

**Ans**

✓ A. 2

✗ B. 8

✗ C. 4

✗ D. 7

"

Prepp Your Personal Exam Guide